# राज्यपाल सचिवालय, बिहार
(जन–सम्पर्क शाखा)
**राजभवन, पटना–800022**

ई–मेल–**pr.rajbhavan@gmail.com**
**prrajbhavanbihar@gmail.com**
मोबाईल–9431283596

## प्रेस–विज्ञप्ति

## राज्यपाल ने गुरू गोबिन्द सिंह जी के 352वें प्रकाश उत्सव के सुअवसर पर समस्त बिहारवासियों को शुभकामनाएँ दी

**पटना, 12** जनवरी 2019

महामहिम राज्यपाल श्री लाल जी टंडन ने श्री गुरू गोबिन्द सिंह जी के 352वें पावन 'प्रकाश उत्सव' के सुअवसर पर समस्त बिहारवासियों व देशवासियों को अपनी बधाई और शुभकामनाएँ दी है।

राज्यपाल श्री टंडन ने अपने शुभकामना–संदेश में कहा है कि दशमेश गुरू श्री गुरू गोबिन्द सिंह जी महाराज का महान व्यक्तित्व एवं कृतित्व, संघर्ष, बलिदान, विद्वता, तपस्या और त्याग का अनुपम उदाहरण है, जिससे राष्ट्रीय एकता और सद्भावना को सुदृढ़ करने की सत्प्रेरणा मिलती है। उन्होंने कहा है कि सामाजिक समत्व, प्रेम, बंधुत्व, सदाचरण, स्वाभिमान और राष्ट्र–प्रेम आदि गुरू गोबिन्द सिंह जी महाराज के दिव्य संदेशों के सार तत्व हैं, जिनके अनुसरण से सम्पूर्ण मानवता के समग्र कल्याण का पथ प्रशस्त होता है।

राज्यपाल ने श्री गुरू गोबिन्द सिंह जी के 'प्रकाश उत्सव' के शुभ अवसर पर मंगलकामना की है कि सामाजिक समरसता और सद्भावना के वातावरण में समस्त बिहार प्रगति–पथ पर तेजी से आगे बढ़ता रहे।

...............................................